उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2025
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा
उत्तर प्रदेश पुलिस

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23.10.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें शामिल हैं:

वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112

एम्बुलेंस सेवा – 108, चाइल्ड लाइन – 1098, स्वास्थ्य सेवा – 102

महिला हेल्पलाइन – 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076, साइबर हेल्पलाइन – 1930

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2025
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने जानलेवा हमला करने वाले 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 23.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित उ0नि0 विकास तिवारी मय हमराह कां0 अजय कुमार व कां0 दिनेश सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 298/2025 धारा 109 BNS से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त पुष्पेन्द्र उर्फ पुस्सू जाटव पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद जाटव उम्र करीब 38 वर्ष निवासी मु0 कठवरिया कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को कस्बा कुलपहाड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हुयी बरामदगी के सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

पुष्पेन्द्र उर्फ पुस्सू जाटव पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद जाटव उम्र करीब 38 वर्ष निवासी मु0 कठवरिया कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 विकास तिवारी
2. कां0 अजय कुमार
3. कां0 दिनेश सिंह



## थाना अजनर की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांकः- 22.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री सत्यपाल सिंह द्वारा गठित व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह कां0 भरत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त बबलेश साहू उर्फ बड्डे पुत्र गुलाबचंद्र उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बुधवारा थाना अजनर जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 बोरी में 40 अदद क्वार्टर झूम देशी शराब नाजायज बरामद करते हुये ग्राम बुधवारा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 258/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

बबलेश साहू उर्फ बड्डे पुत्र गुलाबचंद्र उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बुधवारा थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह

2.कां0 भरत सिंह

### बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से 01 बोरी में 40 अदद क्वार्टर झूम देशी शराब नाजायज बरामद होना।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महोबा पुलिस की त्वरित कार्यवाही से बढ़ा जनविश्वास-

## साइबर ठगी में पीड़ित को दिलाई गई ₹15,000/- की धनराशि वापस

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के कुशल नेतृत्व में जनपद महोबा में साइबर अपराध की रोकथाम एवं जागरूकता अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आवेदक लखन पुत्र तुलसीदास निवासी ग्राम दुलारा, थाना महोबकंठ, जनपद महोबा द्वारा अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शिकायत प्राप्त होने पर साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण की जांच की गई। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि साइबर अपराधियों द्वारा आवेदक के मोबाइल को हैक कर UPI के माध्यम से ₹15,000/- (पंद्रह हजार रुपये) की ठगी की गई थी।

साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक एवं पेमेंट गेटवे से संपर्क स्थापित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता की संपूर्ण धनराशि ₹15,000/- सुरक्षित कराते हुए वापस कराई गई।

अपनी मेहनत की कमाई वापस पाकर पीड़ित ने राहत एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना साइबर क्राइम महोबा में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों एवं पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापित कर पुलिस के प्रति विश्वास प्रकट किया।

## अपील:

☞ साइबर अपराध से बचाव हेतु सदैव सतर्क रहें। किसी अजनबी को OTP, बैंक विवरण या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

### धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम:

1. प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार भदौरिया
2. हे0का0 विश्ववीर सिंह 3. का0 मनीष सिंह 4.का0 संदीप यादव



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा श्री स्वामी गोवर्धन नाथ जू मेला चरखारी का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-





आज दिनांक 23.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा जनपद के थाना चरखारी क्षेत्रअन्तर्गत श्री गोवर्धन नाथ जू मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के दृष्टिगत मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है और मेला बंदोबस्त ,सुरक्षा और यातायात व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला परिसर में आवश्यक पुलिस प्रबन्ध करते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस को तैनात किया गया है साथ ही महिला सुरक्षा को दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस की भी तैनाती की गई है एवं सादी वर्दी में भी पुलिस तैनात किया गया है, संपूर्ण मेला परिसर में महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों को भी स्थापित कराया गया है। अग्नि सुरक्षा के लिये फायर सर्विसेज की व्यवस्था भी की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि मेला स्थल के अंदर वाहनों का प्रवेश बिल्कुल वर्जित रखा जाए।

तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजार, कस्बा व मिश्रित आबादी वाले सवंदेनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु दिये गये आवश्यक निर्देश

इस दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे, थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।